दिनांक 07.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि तीनों पालियों में नियमित रुप से चल रहे निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान का स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर प्रतिदिन की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी मेरे द्वारा लगातार निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई व्यवस्था को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर निगम श्री चौहान के द्वारा लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब एवं चल रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्वयं आयुक्त महोदय, द्वारा वार्ड के नागरिकों से भेंट कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जायजा ले रहें हैं तथा स्वच्छता एप्प अपने मोबाईल पर डाउनलोड करने के लिए लोगों को जानकारी भी दिया जा रहा है।

निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में जोन 01, 02, 03, 04, 05 व 06 के विभिन्न वार्डों में नियमित रुप से प्रतिदिन सफाई कार्य किया जा रहा है निगम के स्वच्छता निरीक्षकों के द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ तीनों पालियों में दिन, दोपहर, व रात्रि में भी सफाई कार्य किया जा रहा है। विगत् 4,5, एवं 6 दिसम्बर को आकाश गंगा सुपेला पत्रकार लाईन आकाश गंगा सब्जी मण्डी शीतला तालाब, शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्पलेक्स, स्टेशन मरोदा रोड, नेवई, रुआंबाधा संतोषीपारा, सहित अन्य स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा तीनों पालियों में सफाई कार्य किया गया तथा सुलभ शौचालय की साफ–सफाई, सुलभ में रखे रजिस्टर, पानी, बिजली की व्यवस्था का निरीक्षण प्रतिदिन स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा किया जा रहा है एवं एकत्रित कचरे को ट्रक के माध्यम से निर्धारित स्थल पर पहुंचाया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि निगम द्वारा चलाये जा रहे नियमित सफाई व्यवस्था में आप अपना पूर्ण सहयोग देवें तथा घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को दें स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे स्वच्छ भारत मिशन सर्वेक्षण 2018 स्वच्छता एप्प के संबंध में आम नागरिकों को जानकारी देते हुए स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड करावें एवं अपने–अपने क्षेत्र पर निरंतर भ्रमण कर और प्रतिदिन की गई सफाई व्यवस्था के संबंध में निगम आयुक्त एवं मुझे प्रतिदिन अवगत करावें।

जनसम्पर्क अधिकारी

विक्रेता
49